# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in


क./एफ–166/स्टे.आयु./2025/4041 भिलाई, दिनांक 23.7.2025

## // आदेश //

राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के पत्र कमांक/9/सूडा/ए.बि.अ./2025/2708 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23/07/2025 के माध्यम से निर्देश जारी किए गए है, कि मान. उप मुख्यमंत्री (भारसाधक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग) द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में विद्युत खपत को कम करने तथा निर्धारित अवधि में विद्युत देयकों के भुगतान हो, इस हेतु समस्त नगरीय निकायो में एनर्जी बिल ऑडिट रिफार्म कार्य कराये जाने के निर्देश प्रदान किए गए है।

माननीय उप मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के परिपालन में राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में एनर्जी बिल ऑडिट कार्य हेतु संस्था का चयन किया गया है। उक्त संस्था द्वारा निकायों में विद्युत उपभोग से संबंधित प्रमुख परिसंपत्तियां जैसे–भवन, स्ट्रीट लाईट, बोरवेल, जल शोधन संयंत्र तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि में विद्युत खपत का विश्लेषण कर विद्युत ऊर्जा के प्रभावी उपयोग करने एवं अपव्यय को कम किए जाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए जायेंगे। ऑडिट उपरांत प्राप्त सुझावों को निकायों द्वारा कियान्वित करने से विद्युत ऊर्जा की उपयोगिता की दक्षता में उन्नयन होगा तथा निकायों पर विद्युत देयकों का वित्तीय भार भी कम होगा।

एनर्जी बिल ऑडिट कार्य हेतु मेसर्स डी.आर. कंसल्टेंट, नागपुर (अधिकृत प्रतिनिधि श्री आशीष बाफना, मो.नं. 92387–04400) द्वारा निकायों में स्थापित विद्युत मीटरों का जी.आई.एस. प्लेटफार्म पर सर्वे कर डाटा एकत्रित किया जाना प्रस्तावित है, जिस हेतु निकायों की वार्ड बाउण्ड्री की KMZ फाईल तथा विद्युत मीटर की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में (संलग्न ध्वज–'अ') सूडा के ई–मेल आई.डी. eba.cgsuda@gmail.com में दिनांक 25.07.2025 तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराने के निर्देश है।

अतएवं नगर निगम भिलाई के वार्ड वाउण्ड्री की KMZ फाईल, स्थापित समस्त विद्युत मीटर की जानकारी, चयनित संस्था के दल को सर्वेक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं सहयोग प्रदान करने हेतु **श्री अजीत कुमार तिग्गा,** अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी एवं **श्री आर.एस. राजपूत,** कार्यपालन अभियंता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

पृ.क./एफ–166/स्टे.आयु./2025/4042 भिलाई, दिनांक 23.7.25

**प्रतिलिपिः–**

1. महापौर/सभापति महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

Scanned with CamScanner